प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक 14.03.2025

❖ **कानपुर देहात पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही।**

❖ **थाना गजनेर क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना को अंजाम देने वाले 01 नफर अभियुक्त को थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

❖ **अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद बांका (आलाकत्ल) बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 13.03.2025 को वादी श्री राम खिलावन पुत्र स्व0 पूसेलाल बाल्मीकि निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात ने थाना गजनेर पर तहरीर दी कि उसके पुत्र वीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि उर्फ न्यूरन ने अपनी बहन रजनी की हत्या कर दी है जिसके संबंध में थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 0067/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम 01 नफर नामजद अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि उर्फ न्यूरन उपरोक्त पंजीकृत किया गया। घटना के पश्चात अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार बाल्मीकी उर्फ न्यूरन पुत्र रामखिलावन निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 20 वर्ष मय आलाकत्ल के थाना गजनेर पर आकर आत्मसमर्पण किया। अभियुक्त वीरेन्द्र उपरोक्त को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता- वीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि उर्फ न्यूरन पुत्र रामखिलावन निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि उर्फ न्यूरन पुत्र रामखिलावन निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं कक्षा 5th तक पढ़ा हूं। हम सात भाई व चार बहन हैं। मेरी बहन रजनी की शादी 5-6 वर्ष पहले अरविन्द पुत्र देवी प्रसाद निवासी सरगवा थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर के साथ हुई थी। कोराना महामारी में अरविन्द की मृत्यु हो गई और तब से मेरी बहन रजनी मेरे घर पर ही रह रही थी। वह मेरी बात नहीं मानती थी, उसके व मेरे मध्य निजी कारणों को लेकर झगड़ा हो गया था तथा वह लड़-झगड़कर मेरे बड़े पापा जो पुराने अस्पताल में रहते हैं उनके घर पर आ गई थी। मैंने वापस बुलाया तो नहीं आई। फिर मैंने अपने घर आकर, घर से बांका उठाकर उसकी हत्या करने के लिए बड़े पापा के घर की ओर गया। जब मैं गल्ला मण्डी पैंठ बाजार के पास पहुँचा तो रजनी मुझे आती दिखाई दी मैंने बराबर में पहुँच कर एक बांका उसके पीछे गर्दन पर मारा और वह गिर गई उसके बाद मैंने कई वार उसके चेहरे, गर्दन व शरीर पर किये जिससे वह मौके पर ही मर गई। उसकी हत्या करने के बाद मैं बांके को लेकर थाने पर आकर अपने आपको थाने पर हाजिर कर दिया।

बरामदगी-

1. घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद बांका।

गिरफ्तार करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रवीन कुमार यादव
2. व0उ0नि0 श्री यतेन्द्र सिंह
3. का0 1128 साहिल